

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति


दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें
https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 108 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी गुरूवार 17 अगस्त 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## ‘बजरंग दल में भी अच्छे लोग, कांग्रेस नहीं लगायगी बैन दिग्विजय सिंह



भोपाल - कांग्रेस जनभावनाओं के अनुरूप अपने आपको बदलने का प्रयास तेजी से कर रही है कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी जहाँ मंदिर मंदिर जाकर हिन्दू होने की बात करते रहे है तो अब पूर्व मु यमंत्री द्वय दिग्विजय सिंह एवं कमलनाथ भी हिन्दुत्व वाले मुद्दो पर नरमी दिखा रहे है । पिछले दिनों कमलनाथ ने कहा था कि देश में यदि 80 प्रतिशत हिन्दू है तो यह हिन्दु राष्ट्र ही है । जिसको लेकर काफी टीका टिप्पणी भी हो रही है वही अब दिग्विजय सिंह ने एक बयान जारी कर कहा है कि बजरंग दल में भी बहुत अच्छे लोग है और कांग्रेस की सरकार आने पर बजरंग दल में प्रतिबंध नहीं लगाया जायेगा परंतु गुंडो को छोड़ा नहीं जायेगा । मध्य प्रदेश में आगामी समय में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में हिन्दुत्व लेकर बयानों का शोर शराबा सुनाई बढ़ रहा है । बीते दिनों कांग्रेस नेता कमलनाथ का बयान सामने आया था जिसमें उन्होंने कहा था कि देश में 80 फीसदी हिन्दू हैं, ऐसे में तो ये हिन्दू राष्ट्र है ही. इस पर दिग्विजय सिंह ने कहा कि` या हिन्दुओं की सं या गिनाना गलत बात है. दिग्विजय ने ये भी कहा कि कुछ लोग मेरे और कमलनाथ जी के बीच में विवाद कराना चाहते हैं, लेकिन हम चार दशक से साथ काम कर रहे हैं और कभी कोई विरोधी सफल नहीं हो पाया है. हम मिलकर काम कर रहे हैं. और अब कांग्रेस के ही दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह ने भी एक बयान दिया है. दिग्विजय सिंह का कहना है कि अगर कांग्रेस की सरकार राज्य में आती है तो बजरंग दल पर बैन नहीं लगाया जाएगा. साथ ही उन्होंने अपने साथी कमलनाथ के हिन्दू राष्ट्र को लेकर दिए बयान का भी बचाव किया है और कहा कि उनके बयान को गलत तरीके से लिया गया है ।

# विभाजन की विभिषीका के दंश को भुलाया नहीं जा सकता - डा. बिसेन

## सांसद ने विभाजन विभिषीका स्मृति दिवस पर सिंधी समाज के वरिष्ठजनों का किया स मान





सिवनी यशो :- देश के बंटवारे के दर्द को भुलाया नहीं जा सकता । विभाजन के दौरान नफरत और हिंसा की जो आंधी चली उससे हमारे लाखो बहिनो और भाईयों को बेघर होने के साथ साथ जान तक गवांनी पड़ी, और यह सब मात्र एक व्यक्ति पंडित जवाहरलाल नेहरू की सत्ता लोलुपता के कारण हुआ ।विभाजन त्रासदियों को देखते हुये भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के मध्य जो समझौता हुआ था उसे भी गंभीरता पूर्वक लागू नहीं किया गया जिसके कारण हमारे सिंधी समाज सहित अन्य समाज के भी विस्थापित लोगों को आज भी कष्ट भरा जीवन जीना पड़ रहा है । हमारे प्रधानमंत्री की मंशा है कि विस्थापितों ने जो विभाजन की पीड़ा भुगती है और उनके बाद की पीढ़ी भी जो खामियाजा भुगत रही है उसको संज्ञान में लेकर निराकरण की दिश में आगे ठोस कदम उठाये जायें ।

उक्ताशय के विचार बालाघाट सिवनी सांसद डा. ढालसिंह बिसेन ने भारत विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में 14 अगस्त को आयोजित संगोष्ठि में व्यक्त करते हुये कहा कि देश के विभाजन का घाव व अपनो को खोने के दुख को शब्दों में वर्णित नहीं किया जा सकता । आज भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनने की दिशा में आगे बढ़ गया है, फिर भी विभाजन और उसके कारण उत्पन्न हुई तुष्टिकरण की राजनीति के चलते सिंधी समाज को उनका जो अधिकार मिलना था वह नहीं मिल पाया ।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि कार्यक्रम के उद्देश्य के अंतर्गत देश की विभाजन के समय हुई विभीषिका और दंश को उपस्थित वरिष्ठजनों ने अपने शब्दों में बयान किया । इस दौरान 1947 के विभाजन की घटनाओं की चर्चा करते हुए अधिकांश लोगों की आंखों में आंसू झलक उठे । उन्होंने विभाजन के कष्ट को और उस के बाद अपने स्थायित्व को लेकर जारी संघर्ष को खुलकर बताया । कार्यक्रम के दौरान सांसद डा. ढालसिंह बिसेन ने सभी वरिष्ठ जनों को वर्तमान सरकार की ओर से आश्वस्त करते करते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री की यही मंशा है कि जो असुविधा या अभाव आप देख रहे हैं उसको संज्ञान में लेकर निराकरण शीघ्र किया जायेगा। आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारी एवं अधिकांश वरिष्ठ जन उपस्थित ऐसे थे जिन्होंने विभाजन की त्रासदी को अपने बुर्जुगो से सुना और उसकी पीड़ा महसूस की तथा आज भी विभाजन के दंश का दर्द आज भी झेल रहे है ।

श्री त्रिवेदी ने बताया कि इस दौरान सिंधी पंचायत के जिला उपाध्यक्ष अशोक आहूजा ने कहा कि हमे और हमारी समाज को विभाजन के पश्चात जो कष्ट और दर्द झेलना पड़ा वह आज भी कम नहीं हुये है। जन्मभूमि को छोड़ने की जो पीड़ा हमारे पूर्वजों ने भोगी है उसकी भरपाई संभव नहीं है । श्री आहूजा ने कहा कि हमारी समाज पूरी क्षमता के साथ मेहनत कर राष्ट्र की प्रगति में जुटी हुई है, परंतु उसके बाद भी आज हम यहाँ शरणार्थी ही कहला रहे है । जिस स्थान पर हम निवास कर रहे है उस भूमि का सरकार ने हमें आज तक पट्टा नहीं दिया है । विभाजन के बाद की विभिषिका आज भी हमारा पीछा कर रही है और बड़े संघर्ष के बाद सिंधी समाज अपने आप को यहाँ व्यवस्थित कर रहा है ।

इस अवसर पर सांसद डा. बिसेन द्वारा सिंधी समाज के वरिष्ठ असाडूमल जोड़वानी, धनराज आहूजा, राजकुमार शिवलानी, सिंधी पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक आहूजा, दौलतराम शिवलानी कन्हैया आहूजा का शाल श्री फल से स मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के जिला उपाध्यक्ष लालमणी लालू राय ने किया । कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता वेदसिंह ठाकुर, कीरत सिंह बघेल,पूर्व जिला अध्यक्ष सुजीत जैन, प्रेम तिवारी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी अशोक टेकाम, भाजपा उपाध्यक्ष आनंद शर्मा, प्रदीप राय नगर मंडल अध्यक्ष संजय पप्पू सोनी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रूपचंद मोहनानी,विधानसभा विस्तारक सहित सिंधी समाज के सर्व श्री इंद्र कुमार ननकानी, नरेश आसवानी, हीरा छांगवानी, गागू सेठ, आदि उपस्थित थे ।

## पूर्व विधायक रजनीश सिंह के सानिध्य मे निकाली गई विशाल कावड़ यात्रा



छपारा यशोः- नगर से प्रतिवर्ष सावन माह में गुरूरतनेश्वर धाम दिघोरी मे भगवान भोलेनाथ को बैनगंगा नदी का पवित्र जल चढ़ाने के लिए श्रद्धा पूर्वक कावड़ यात्रा निकली जाती हैं। केवलारी विधानसभा के पूर्व विधायक रजनीश सिंह द्वारा सोमवार 14अगस्त को सुबह 10बजे के आसपास छपारा नगर के प्राचीन शिव मंदिर सिद्ध बाबा घाट से बैनगंगा का पवित्र जल लेकर गुरु रत्नेश्वर धाम दिघौरी के लिए यह कावड़ यात्रा निकली।उक्त विशाल कावड़ यात्रा में बड़ी सं या में महिला,पुरुषो के साथ युवाओं की टीम रही,साथ ही विशेष तौर पे उज्जैन से आये साधु संतो भी इस कावड़ यात्रा में शामिल हुए।

विदित हो कि 14 अगस्त को सुबह 10 बजे नगर के बैनगंगा तट सिद्ध बाबा घाट में पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ हुई इस कावड़ यात्रा में पूर्व विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह के साथ नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजार की सं या में महिला-पुरुष बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के इस विशाल कावड़ यात्रा में शामिल हुए। उक्त कावड़ यात्रा नगर के बैनगंगा तट से प्रारंभ होकर नगर के मु य मार्ग से गुजरी जिसका जगह जगह लोगो के द्वारा स्वागत किया गया, साथ ही कुछ देर के लिए हुई बारिश ने भी कावड़ यात्रियों के मनोबल को डिगा नहीं पाई और सभी कावड़ यात्री गिरते हुए पानी में भी अपनी यात्रा जारी रखी। वही 29किलोमीटर दूरी की इस यात्रा का रास्ते में भी जगह जगह स्वागत किया गया,रास्ते में कुछ देर विश्राम और जलपान के साथ यह कांवड़ यात्रा ग्राम दिघौरी स्थित मंदिर गुरु रत्नेश्वर धाम शाम को 5बजे के आसपास पहुंची। वहा स्थित विश्व के एकमात्र सबसे बड़ा स्फटिक शिवलिंग में पूर्ण विधि विधान से बेनगांगा का जल अर्पण किया गया,पूजन पश्चात इस कावड़ यात्रा का समापन किया गया।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को किया नमन

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम मे हुए शामिल

सिवनी यशोः- बुधवार 16 अगस्त को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने परम श्रद्धेय पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी को श्रद्धासुमन



अर्पित कर नमन् किया। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने आज बारापत्थर सिवनी स्थित जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुंचे। जहां पर आपने बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी, प्रखर राजनेता, कुशल वक्ता, प्रेरणा स्रोत, भारत रत्न से स मानित, पूर्व प्रधानमंत्री, परम श्रद्धेय पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर स्मरण किया। तथा छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कोटि-कोटि नमन् किया। इसके पश्चात विधायक श्री राय नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा दलसागर चौपाटी में दोपहर 02:00 बजे से आजादी का अमृत महोत्सव तहत मेरी माटी, मेरा देश अभियान के अंतर्गत आयोजित मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन कार्यक्रम मे शामिल हुए। जहां पर आपने सांसद डा ढालसिंह बिसेन जी, नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान के साथ पार्टी एवं गणमान्य जनों की गरिमामय उपस्थिति मे झंडा वंदन एवं राष्ट्रगान उपरांत शिलान्यास किया। इसके पश्चात विधायक श्री राय ने सांस्कृतिक कार्यक्रम मे सहभागिता किया। इस अवसर पर पार्षद गणों, गणमान्य जनों, भाजपा कार्यकर्ताओं, नगर पालिका अधिकारियों कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## भाजपा की चुनावी तैयारियों की समीक्षा के लिये महाराष्ट्र से आयेंगे चार विधायक

**चारों विधानसभाओं में 20 अगस्त से 27 अगस्त तक रहेगा प्रवास**
**सभी श्रेणी के कार्यकर्त्ताओं से होगी चर्चा**

सिवनी यशोः- प्रदेश के अगामी विधानसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए भाजपा द्वारा चुनावी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इसी संदर्भ मे जिले की प्रत्येक विधानसभा, प्रत्येक मंडल एंव प्रत्येक शक्ति केन्द्रों की संगठनात्मक स्थिती, कार्यो, कार्यक्रमों, कार्य योजनाओं, की समीक्षा हेतु सिवनी जिले की चारों विधानसभाओं के लिए महाराष्ट्र के चार अनुभवी एंव वरिष्ट विधायकगण सिवनी जिले मे सात दिवसीय प्रवास पर आयेंगे। जो जिले की चारों विधानसभाओं मे प्रवास कर अलग अलग दिन विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर चर्चा करेगें।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला महामंत्री एंव जिला प्रवास प्रभारी जयदीप सिंह चैहान ने बताया कि संगठन कों संपूर्ण रूप से सुगठित, सुप्रशिक्षित एंव सक्रिय रखने के लिए प्रदेश भाजपा द्वारा सिवनी विस हेतु विधायक समीर मेघे, बरघाट विस हेतु विधायक विकास शंकरराव कुभारे, केवलारी विस हेतु विधायक प्रवीण देरकर एंव लखनादौन विस हेतु विधायक प्रवीण रामचन्द्रं पोटे, सिवनी जिले आ रहे है, जो अगामी 20 से 27 अगस्त तक अपनी अपनी विधानसभाओं के अन्तर्गत आने वाले मंडलों मे प्रवास करेगें।

भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल ने बताया कि महाराष्ट्र के विधायकों के इस प्रवास कार्यक्रम के दौरान प्रदेश संगठन द्वारा विभिन्न करणीय कार्य एंव संगठान्तक विषयों निर्धारित किए गए है, जिसके अनुरूप प्रवासी विधायकगण, विस कोर कमेटी की बैठक, मंडल स्तरीय मूल्यांकन बैठक, शक्ति केन्द्रों की संगठान्तमक स्थिती, मोर्चा एंव प्रकोष्ट की बैठक, भाजपा के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की बैठक, लभार्थियों से चर्चा, वरिष्ट कार्यकर्ताओं के साथ बैठक, समाज के प्रभावी व्यक्तियों से चर्चा, नव मतदाताओं से संपर्क, सोशल मीडिया एंव आई टी सेल के कार्यकर्ताओं की बैठक, क्षेत्र की राजनैतिक एंव समाजिक गतिविधियों की जानकारी, जैसे विभिन्न कार्यो को करने के साथ ही कार्यकर्ताओं को अगामी चुनाव मे सुगठित संगठन के रूप मे संपूर्ण जानकारियों एंव नवीन उत्साह के साथ लोगों के बीच जाने के लिए प्रेरित एवं प्रशिक्षित करेंगे।

### लेखन सामग्री हेतु 31 अगस्त तक ई-निविदा आमंत्रित

सिवनी यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 एवं लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए लेखन सामग्री तथा अन्य मतदान केन्द्रों में लगने वाली सामग्री क्रय हेतु गुणवत्ता ब्रांड के आधार पर 31.08.2023 अपरान्ह 4 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की गई है। उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी प्रपत्र एवं शर्ते वेबसाईटसे प्राप्त करें ।

### जबरन नॉलेज




## सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर भर्ती हेतु विकासखण्डवार आयोजित होंगे शिविर

सिवनी यशोः- जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि कले टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय सिवनी एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयु त तत्वाधान में 24 अगस्त 22 से 05 सित बर 23 तक विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन कर सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर भर्ती हेतु किया जा रहा है। उक्त मेले में एसएससीआई क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र परसवारा अनूपपुर द्वारा अ यार्थियों की भर्ती प्रक्रिया की जाएगी। रोजगार मेले में 21 से 35 वर्ष आयु, 165 सेंमी ऊचांई और 56 से 90 किग्रा वजन वर्ग के मानदंड को पूर्ण करने वाले न्यूनतम 10 वीं पास ग्रामीण बेरोजगार युवाओं का चयन किया जायेगा। इस संबंध में जानकारी प्राप्?त करने के लिये अ यार्थी सुरक्षा जवान भर्ती अधिकारी के मो.नं. 9406398939 / 8889315826 पर संपर्क कर सकते हैं। विकासखण्डवार आयोजित होने वाले शिविर संबंधित विकासखण्ड के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय नि नानुसार तिथि को आयोजित होंगे- विकासखण्ड सिवनी 24 अगस्त को, विकासखण्ड छपारा में 25 अगस्त को, विकासखण्ड कुरई में 28 अगस्त को, विकासखण्ड केवलारी में 29 अगस्त को, विकासखण्ड बरघाट में 31 अगस्त को, विकासखण्ड लखनादौन में 01 सित बर को, विकासखण्ड धनौरा में 4 सित बर को एवं विकासखण्ड घंसौर में 5 सित बर 23 को शिविर आयोजित होगा। इस हेतु मार्ग व्यय देय नहीं है।

# वेतनमान की माँग को लेकर सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल का आगाज



सिवनी यशोः- विगत लंबे समय से सेवा नियम अनुसार वेतनमान लागू किये जाने की मांग रहे सहकारी समिति कर्मचारी, मांगे पूरी नहीं होने पर समूचे मध्यप्रदेश में प्रदेश की सहकारी (पै स) समितियों के कर्मचारियों का संयुक्त प्रांतीय संगठन सहकारिता की महापंचायत हेतु दिनाँक 16 अगस्त से सारे काम बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। मध्यप्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर जिले की सहकारी समितियों में कार्यरत सैकड़ो कर्मचारियों ने मु यालय में अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है। उनका कहना हैं, कि चुनावी माहौल में प्रदेश के मु यमंत्री सारे कर्मचारियों की महापंचायतो को बुलाकर उनकी माँगे पूर्ण कर रहे है। ऐसे में सहकारी समिति कर्मचारियों की भी शासन को महापंचायत बुलाकर उनकी भी माँगे पूर्ण करना चाहिए। सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ जिलाध्यक्ष बंशीलाल ठाकुर ने बताया कि सेवा नियम अनुसार सहकारी समिति के कर्मचारियों को शासकीय कर्मचारी का दर्जा देकर समतुल्य वेतनमान दिये जाने की मांग निरंतर की जा रही हैं, लेकिन हर बार केवल संतोषजनक परिणाम नही मिलता सिर्फ आश्वासन देकर ही हमारे आंदोलन को शासन द्वारा ध्वस्त कर दिया जाता है। उन्होने कहा सरकार लिखित आश्वासन के बाद भी हमारी माँगो पर अमल करने को तैयार नहीं है। सहकारी समिति कर्मचारियों द्वारा अपनी मात्र एक सूत्रीय वेतनमान की माँग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। जिसमें सभी सहकारी समिति में कार्य करने वाले कर्मचारियों को शासकीय कर्मचारी का दर्जा देकर समतुल्य वेतनमान दिये जाने का आदेश तत्काल लागू करने की माँग प्रमुख है इस प्रमुख मांग को लेकर कर्मचारी 16 अगस्त से 21 अगस्त तक मु यालय में काम बंद हड़ताल पर रहेंगे। एवं 22 अगस्त को जिले के सारे कर्मचारी भोपाल पहुँचकर जंगी आंदोलन करेंगे। हड़ताल की वजह से ऋण वसूली प्रभावित रहेगी। उल्लेखनीय है कि मांगों को लेकर लंबे समय से सहकारी कर्मचारियों द्वारा शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया जा रहा है लेकिन सरकार द्वारा कर्मचारियों के हितों में अब तक किसी प्रकार के सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए हैं जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। हड़ताल से आम जनता उपभोक्ता किसानों को हो रही परेशानी के लिए संगठन ने खेद व्यक्त किया है।

### लंबित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के कले टर ने दिए निर्देश

सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने शासकीय सेवकों के सेवानिवृत्त प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने तथा लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण के लिए जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उनके कार्यालय में अगस्त माह में लंबित पेंशन प्रकरणों, सेवानिवृत्ति प्रकरणों का संतुष्टि से निराकरण सुनिश्चित होने के उपरांत ही संबंधित पेंशन शाखा प्रभारी तथा अन्य संबंधित कर्मचारी का वेतन स्वीकृत किए जाएं। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को शासकीय सेवकों के सेवानिवृत्ति के कम से कम तीन माह पूर्व पेंशन प्रकरण पेंशन कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

# समारोहपूर्वक आयोजित हुआ स्वतंत्रता दिवस का जिलास्तरीय समारोह

## कले टर क्षितिज सिंघल ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली







सिवनी यशोः- स पूर्ण देश के साथ ही सिवनी जिलें में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह स्टेडियम ग्राउंड में उत्साह एवं हर्षोल्लास से मनाया गया गया। इस अवसर पर सांसाद श्री ढालसिंह बिसेन, विधायक सिवनी श्री दिनेश राय, विधायक केवलारी श्री राकेश पाल, नगर पालिका अध्यक्ष श्री शफीक खान, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी, आलोक दुबे, वैभव पवार पूर्व विधायक श्री नरेश दिवाकर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री राजेश त्रिवेदी, पुलिस अधीक्षक श्री राकेश कुमार सिंह मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अपर कले टर श्री सीएल चनाप सहित अन्य जनप्रतिधिनयों, गणमान्य नागरिकों, विभागाधिकारियों, कर्मचारियों सहित स्कूली छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में मु य अतिथि कले टर श्री सिंघल ने ध्वजारोहण कर पुलिस अधीक्ष श्री सिंह के साथ परेड की सलामी ली तथा मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के जनता के नाम संदेश का वाचन कर हर्ष के प्रतीक गुब्बारे छोड़े।

स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह में पुलिस बैंड की लयबध्द ध्वनि में प्लाटून कमांडर जितेश रावतकर के नेतृत्व में प्लाटून दल क्रमशः विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, होमगार्ड, जेल विभाग तथा वन विभाग, एन सी सी एवं स्काउट एंड गाइड सहित कुल 17 प्लाटून द्वारा कदम-तालबध्द मनमोहक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया। मार्चपास्ट उपरांत मु य अतिथि कले टर श्री सिंघल ने सभी प्लाटून कमांडर से परिचय प्राप्त किया गया।

स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति से ओत प्रोत रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई, जिससे वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर स मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुतिकरण में प्रथम मॉर्डन हाई स्कूल सिवनी, द्वितीय जनजातीय कार्य विभाग एवं तृतीय पीएम श्री कन्या मठ स्कूल को दिया गया।




सिवनी यशोः- स्वतंत्रता दिवस के मु य समारोह के मु य अतिथि कले टर क्षितिज सिंघल ने शासकीय हाई स्कूल लखनवाड़ा पहुंचकर मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष भोज में शामिल हुए। उन्होंने छात्र-छात्राओं के साथ भोजन ग्रहण किया। इस दौरान सांसद ढालसिंह बिसेन, विधायक सिवनी श्री दिनेश राय, पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, एसडीएम सुश्री मेघा शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने बच्चों के साथ भोजन किया। कले टर श्री सिंघल एवं सांसद श्री बिसेन, विधायक राय ने भारत सरकार की ओर से आई चलित विज्ञान प्रदर्शनी वाहन का अवलोकन किया तथा संबंधित प्रभारी अधिकारी को उक्त वाहन के जिले के प्रत्येक स्कूल में भेजकर छात्र-छात्राओं को विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन कराने के निर्देश दिए।

# जिले से निकले है अन्तराष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी - मिर्जा

### खिलाडियों ने एस. पी. से की मुलाकात, बतायी समस्या



सिवनी यशोः- नवागत पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह ( आईपीएस ) से हाकी खिलाडियों ने मुलाकात की तथा सिवनी के खिलाडियों के राष्ट्रीय अन्तराष्ट्रीय खेल को लेकर खुशी जाहिर की म.प्र. हाकी संघ की उपाध्यक्ष डी. एल. गौर तथा सहसचिव मकसूदा मिर्जा ने सौजन्य भेट कर पुष्प गुच्छ दिया। श्री सिंह ने कहा कि युवा खेल एवं कल्याण विभाग के माध्यम से इस खेल में पूरा सहयोग दिया जायेगा। इस अवसर पर हामिद खान महेन्द्र पण्ड्या खालिए उमर, एस.बी. मिर्जा, अशोक नाविक जावेद नूरानी रशीद कुरैशी कास भी स्वागत किया गया। श्रीमति मिर्जा ने बताया कि वर्तमान में नये खिलाडी तैयार करना तथा उन्हें एकेडमी में पहुंचाना तथा वहा से राष्ट्रीय खेलों में शामिल करने का प्रयास किया जाता है, श्री सिंह ने इस अवसर पर कहा कि वह शीघ्र एस्ट्रोटर्ड मैदान का निरीक्षण करने आयेगें तथा यहा पर जो भी कमिया है उन्हें दूर किया जायेगा।

### विशिष्ट सेवा पदक से स मानित होंगे डिस्ट्रिक कमांडेंट ठाकुर



सिवनी यशोः- जिले में पदस्थ डिस्ट्रिक कमांडेंट होमगार्ड भूपेन्द्र सिंह ठाकुर को उत्कृष्ट कार्यो के लिए विशिष्ट सेवा पदक से स मानित किया जाएगा। श्री ठाकुर महामहिम राष्ट्रपति जी के हस्ते स मानित होंगे। उल्लेखनीय है कि श्री ठाकुर को वर्ष 2014 में सराहनीय सेवा पदक से स मानित किया जा चुका है।

# स्नेह यात्रा का हुआ शुभारंभ



सिवनी यशोः- शासन के निर्देशानुसार बुधवार 16 अगस्त को जिले में कुई विकासखण्ड के ग्राम कलबोड़ी से शुभारंभ हुआ। यात्रा में साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी ब्रह्म ऋषि मिशन जबलपुर एवं साध्वी मनीषा दीदी कल्याण आश्रम मंडला, गायत्री परिवार से आर.एस रहांगडाले, योग आरोग्य से मनीष डहरवाल, पतंजलि परिवार से डॉ.गजेंद्र डहरवाल एवं श्री नरेश मिश्रा, आर्ट आफ लिविंग से मनीष अग्रवाल, मुकेश चौरसिया, कलबोडी ग्राम सरपंच नरेश एवं म.प्र.जन अभियान परिषद जिला समन्वयक सौरभ शु ला, विकासखंड समन्वयक सुश्री अफशा अंजुम, विकासखंड समन्वयक श्याम उईके एवं अनिल नागले आदि उपस्थित रहे।

स्नेह यात्रा ग्राम कलबोड़ी से ग्राम बिहरिया, सुकतरा, करैया एवं ग्राम मोहगांव पहुंची जहां जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके उपरांत यात्रा ग्राम बरडाझिर से छितापार, मुंडारा, टयैपार से ग्राम धोबीसर्रा पहुंची जहां जनसंवाद कार्यक्रम एवं रात्रि विश्राम होगा। यह यात्रा 17 अगस्त को पुनः प्रारंभ होकर ग्राम दरासीखुर्द, झालागोंदी, दुल्हापर, गंगेरूआ, बिरहोली, जाम, इंदोरी से ग्राम आष्टा पहुंचेगी जनसंवाद कार्यक्रम उपरान्त ग्राम अंखीवाड़ा से कल्याणपुर, नांदी, केकड़ई, पौनार, जेवनारा से बरघाट में जनसंवाद कार्यक्रम होगा।

# विधानसभा सिवनीः विधायक कप कबड्डी खेल प्रतियोगिता संपन्न

सिवनी यशोः- संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार इस वर्ष भी विधायक कप 2023 का विधानसभा क्षेत्र सिवनी में मा. दिनेश राय मुनमुन विधायक सिवनी की अनुशंसा अनुसार कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन मा. क्षितिज सिंघल कले टर सिवनी एवं मा. राकेश सिंह पुलिस अधीक्षक सिवनी के कुशल मार्गदर्शन एवं कृष्ण कुमार चैरसिया जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जिला सिवनी के नेतृत्व में दिनांक 13.08.2023 को राशि लॉन सिवनी में स पन्न हुई। प्रतियोगिता का शुभांरभ मा. श्री दिनेश राय मुनमुन विधायक सिवनी ने रिबिन काटकर किया। आयोजित प्रतियोगिता में विधानसभा क्षेत्र सिवनी के अंतर्गत




महिला वर्ग की 14 टीम तथा पुरुष वर्ग की 39 टीमों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान सिवनी अकादमी ए ने प्राप्त किया जिसे नगद पुरुस्कार राशि 11000 रु., द्वितीय स्थान सिवनी अकादमी बी ने प्राप्त किया जिसे नगद पुरुस्कार राशि 5000 रु., तृतीय स्थान खेल विभाग सिवनी की टीम ने प्राप्त किया जिसे नगद पुरुस्कार राशि 3000 रु. तथा महिला वर्ग में प्रथम सिवनी अकादमी ने, द्वितीय स्थान प्रगति ` लब सिवनी ने, तृतीय स्थान पर खेल विभाग की टीम रही, जिन्हें क्रमशः राशि रु. 7000, 3000, एवं 2000 रु. नगद पुरुस्कार प्रदाय किया गया। उक्त सभी पदक प्राप्त टीमों को खेल विभाग की ओर से ट्राफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये तथा मा. श्री दिनेश राय मुनमुन की ओर से प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों को टी-शर्ट एवं प्रतिभागिता के प्रमाण पत्र प्रदाय करने के साथ ही सभी के लिये भोजन व्यवस्था भी की गई। आयोजित प्रतियोगिता में उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, जन जातीय कार्य विभाग, खेल विभाग के खेल प्रशिक्षकों एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों ने निर्णायक के रुप में सहयोग प्रदाय किया किये गये है। इस दौरान बाबा पांडेय, नरेन्द्र ठाकुर, रविन्द्र मंद्रेला, जितेन्द्र ठाकुर, रंतीय राय, असलम मिर्जा, जिब्राईल मंसूरी, अहफाज खान, अखिलेश राय, श्रेष्ठ कान्हा राय, हर्ष राय, जनक तिवारी, दीपक मिश्रा, नरेश गिरी गोस्वामी मु य रुप से उपस्थित रहें। संदीप मिश्रा के द्वारा किये गये मंच संचालन के कारण सभी दर्शक एवं खिलाड़ी एक सूत्र में बंधे रहें। इस आयोजन मे स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका प्रशासन सिवनी का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

# जिला कांग्रेस कार्यालय में खुराना ने किया ध्वजारोहण



सिवनी यशोः- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा पूज्य महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगीत के पश्चात मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय श्री कमलनाथ जी के संदेश का वाचन किया गया। जो इस प्रकार है स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएँ, आज बहुत ही खुशी का दिन है हमारा देश स्वतंत्रता दिवस के 77 वे वर्ष में प्रवेश कर रहा है। आज का दिन उन महान् योद्धाओं को याद करने का दिन है जिनके संघर्ष से आजादी मिली, अंग्रेज जो भारत छोड़कर गये थे, वह सोने की चिड़िया नही बल्कि गरीबी, अशिक्षा और भूखमरी से जूझता हिन्दुस्तान था। आज के हिन्दुस्तान में बड़े बड़े बांध, बिजली है खेतो में सिंचाई हो रही है अनाज के भंडार है कई शैक्षणिक संस्था है, आई आईटी, आई आई एम, स्वास्थ्य के लिए मेडिकल, ऐ स जैसी संस्था है, भारत चन्द्रयान और मंगलयान अंतरिक्ष में भेज रहा है, मौजूदा सरकार में अनेक बुराईयॉ सर उठा रही है प्रदेश में करोड़ो नौजवान बेरोजगार है, डीजल, पेट्रोल, दवाईयॉ, शिक्षण सामाग्री, मूलभूत आवश्यकता की हर वस्तुओं की महंगाई चरम पर है। हमारा सर शर्म से झूक जाता है जब आदिवासियों, दलितों, बच्चो और महिलाओं, बुर्जुगो पर अत्याचार बढ रहे है भ्रष्टाचार चरम पर है, हर दिन नये नये घोटाले सामने आ रहें है, किसान आत्म हत्या कर रहें है, इन बुराईयों का अंत हमें करना है। तीन महिने बाद मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव है। आज 15 अगस्त को मध्यप्रदेश के सभी नागरिक प्रण करे कि सारी बुराईयों को जड़ से उखाड़ फेकेंगे। इन बुराईयों की जड़ है मध्यप्रदेश में 18 सालो से जमी बैठी भाजपा सरकार, इस सरकार का मंत्र है पैसा दो काम लो, कर्ज लो घी पियों, जनता का ध्यान भटकाओं और खुद मलाई खाओं। आइऐ हम सब मिलकर नये मध्यप्रदेश का निर्माण का संकल्प लें, उजाले से भरे भविष्य में प्रवेश का संकल्प ले। इस साल प्रदेश में सत्य और न्याय की सरकार बनाने का संकल्प ले। कार्यक्रम में एड.महानंद राहंगडाले, जेपीएस तिवारी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ब्रजेशसिंह( लल्लू) बघेल, प्रसन्नचंद मालू, नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान, नगरपालिका उपाध्यक्ष श्रीमति डाली डागोर, विजय नाहटा, संतकुमार डहेरिया, रामकुमार कुल्हाडे, खुमानसिंह ठाकुर, रमनलाल यादव, सेवकराम, सुरेन्द्र करोसिया, मोहनसिंह चंदेल, गेंदलाल भलावी, विष्णु करोसिया, अतुलचंद मालू, हुकुमचंद सनोडिया, मनीष अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, एजाज खान, संतेन्द्र बघेल, शफीक बाबा सहित बडी सं या में कांग्रेस जन की उपस्थिति रहीं।

# मु यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन महामंत्री ने किया "आहुति" पुस्तक का विमोचन




भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में सोशल मीडिया विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित ÷आहुति÷ नामक पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक श्री अभिषेक शर्मा सहित विभाग पदाधिकारी उपस्थित थे।

पुस्तक स्वतंत्रता में आहुति देने वाले सेनानियों को समर्पित -विष्णुदत्त शर्मा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सासंद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने सोशल मीडिया की टीम को बधाई देते हुए कहा कि देश के यशश्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की कल्पना के अनुरूप ÷स्वाधीनता के अमृत महोत्सव÷ के इस स्वर्णिम काल को और भी सार्थक बनाने हेतु सोशल मीडिया विभाग द्वारा 365 दिनों तक प्रतिदिन मध्यप्रदेश के एक स्वतंत्रता सेनानी की गौरव गाथाएं सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रसारित की गई। इस पूरे अभियान के दौरान प्रमुखता से मध्यप्रदेश के उन गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों का जिक्र हुआ, जिनके त्याग व समर्पण से आज भी अधिकांश लोग परिचित नही है। इस पुस्तक में मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले के स्वतंत्रता सेनानियों को समाहित करते हुए भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश द्वारा श्रद्धापूर्वक नमन किया गया है एवं यह पुस्तक स्वतंत्रता आंदोलन के महायज्ञ में अपनी आहुति देने वाले सभी वीर स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित की गई हैं।

# मु यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन महामंत्री ने स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश कार्यालय में किया ध्वजारोहण

**प्रदेश अध्यक्ष ने दी प्रदेशवासियों को दी शुभकमनाएं**

भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने स्वतंत्रता दिवस पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण समारोह में मु यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने प्रदेशवासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। ध्वजारोहण के उपरांत मिष्ठान्न वितरण किया गया। 29वीं बटालियन दतिया की 'बी' कंपनी के गार्ड कमांडर एएसआई श्री माता प्रसाद, आरक्षक श्री दिनेश कुशवाह, श्री अखिलेश गिरी, रोहित गौर, श्री रवि जादौन ने ध्वज को सलामी दी।

**देश ने हर गरीब के जीवन को बदलने मे नए आयाम छुए - विष्णुदत्त शर्मा**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सासंद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस पर मध्यप्रदेश के सभी प्रदेशवासियों और पार्टी



कार्यकताओं को बधाई और शुभकामनाएं दीं। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की आजादी के 77 वर्षो और इस अमृतकाल के दौरान भारत ने दुनिया में विकास की नई ऊचाइयों को छुआ है और भारत पर दुनिया का विश्वास बढ़ा है। देश ने हर गरीब के जीवन को बदलने मे नए आयाम छुए है। आज इस पावन पर्व पर देश की आजादी को अक्षुण बनाए रखने का पार्टी के कार्यकर्ताओं से लेकर सभी प्रदेशवासियों ने सकल्प लिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 2047 में भारत माता परम वैभव पर पहुचेगी और भारत दुनिया का सिरनोर बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनके विश्व पटल पर उभरेगा।

ध्वजारोहण समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री प्रभात झा, वरिष्ठ नेता श्री मखन सिंह चौहान, श्री तपन भौमिक, पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष श्री आलोक शर्मा, श्रीमती सीमा सिंह जादौन, प्रदेश महामंत्री श्री भगवानदास सबनानी, श्री विजय दुबे, सासद सुश्री प्रज्ञा सिंह ठाकुर, महापौर श्रीमती मालती राय, प्रदेश मंत्री श्री राहुल कोठारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, जिला अध्यक्ष श्री सुमीत पचौरी, अल्पसं यक मोर्चा के अध्यक्ष मोह मद एजाज खान, श्री पूर्व सांसद श्री आलोक संजर, श्री शैतानसिंह पाल, श्री हिरेन्द्र बहादुर सिंह, श्री भगत सिंह कुशवाह, श्री एस एस उप्पल, श्री अभय प्रताप सिंह, श्री विकास बोद्रिया, प्रदेश प्रवक्ता वा सासद श्री सुमेर सिंह सोलकी, प्रदेश प्रवक्ता श्री मिलन भार्गव, श्री सुरेन्द्र शर्मा, सुश्री सरीता देशपाण्डे, श्रीमती शशि सिहों, श्री सुरजीत सिंह चौहान, बीडीए अध्यक्ष श्री किशन मोहन सोनी, श्री सतीश विश्वकर्मा, श्री सुनील पाण्डे, श्री अनिल अग्रवाल, श्री सजंय नागईच, श्री सुनील चौहान, डॉ सवेश चतुर्वेदी, श्री प्रयाग रधुवशी, श्री जगदीश यादव, श्री उमंकात दीक्षित, श्रीमती भावना सिंह, श्रीमती मोहनी शो य, सुश्री बिलकीस जहां, श्रीमती आशा साहु, सहित प्रदेश कार्यालय परिवार के सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

